भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1856**
दिनांक 11.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुट्टनाड क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई परियोजनाओं की स्थिति**

**†1856. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान अलप्पुझा जिले के कुट्टनाड के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत परियोजनाओं, बाढ़ शमन कार्यों, पेयजल आपूर्ति योजनाओं और सतही जल प्रबंधन परियोजनाओं सहित स्वीकृत सभी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) प्रत्येक पूर्ण की गई निवर्तमान, विलंबित या लंबित परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और वित्तपोषण भागीदारी कितनी-कितनी है और कितनी वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति हुई है;
(ग) उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके लिए स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी किए जा चुके हैं और साथ ही उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जो लंबित हैं और उनमें लगे ठेकेदारों का ब्यौरा क्या है तथा पूरा होने की प्रत्याशित तिथियां क्या हैं;
(घ) किन परियोजनाओं के लिए एलओए अभी भी लंबित हैं और तत्संबंधी कारण क्या हैं;
(ङ) क्या केरल से कुट्टनाड क्षेत्र के लिए कोई नवीन प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) सरकार सभी स्वीकृत कार्यों के कार्यान्वयन में तेजी लाने और उन्हे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (च): जल राज्य का विषय है। भारत सरकार विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जल संसाधनों और ग्रामीण जल आपूर्ति के सतत विकास तथा प्रबंधन के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके केरल राज्य सहित राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है।

भारत सरकार अगस्त 2019 से, राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल कार्यान्वित कर रही है, ताकि केरल के अलप्पुझा जिले के कुट्टनाड सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य जल का प्रावधान किया जा सके।

मिशन की शुरुआत में, केरल के अलप्पुझा जिले में केवल 1.85 लाख (33.61%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जेजेएम के तहत 3.65 लाख ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए थे। इस प्रकार, 09.12.2025 तक, जिले के 5.52 लाख ग्रामीण परिवारों में से 3.65 लाख (66.25%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

जल राज्य का विषय है, इसलिए ग्रामीण जल आपूर्ति परियोजनाओं के लिए अलग-अलग परियोजनाओं/स्कीमों का परियोजना-वार ब्यौरा, जेजेएम के अंतर्गत जिला-वार निधि आबंटन और उसका ब्यौरा इस विभाग द्वारा नहीं रखा जाता है। हालांकि, 2019-20 से केंद्रीय आवंटित राशि, आहरित निधि और केरल राज्य द्वारा सूचित उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रु. में)

| वर्ष | केंद्रीय | | | | | राज्य हिस्से के तहत व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अथ शेष | आबंटित निधि | जारी निधि | उपलब्ध निधि | संसूचित उपयोग | |
| 2019-20 | 2.58 | 248.76 | 101.29 | 103.87 | 62.69 | 57.23 |
| 2020-21 | 41.18 | 404.24 | 303.18 | 344.36 | 304.29 | 311.25 |
| 2021-22 | 40.07 | 1,804.59 | 1,353.44 | 1,393.51 | 957.44 | 1,059.57 |
| 2022-23 | 436.08 | 2,206.54 | 2,206.54 | 2,642.62 | 1,741.93 | 1,741.68 |
| 2023-24 | 900.69 | 1,342.36 | 671.18 | 1,571.87 | 1,465.41 | 1,448.53 |
| 2024-25 | 106.45 | 1,949.36 | 974.68 | 1,081.13 | 1,081.13 | 1,403.70 |

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस

इसके अलावा, केरल राज्य ने सूचित किया है कि एलओए जारी न किए जाने के कारण कोई कार्य लंबित नहीं है और पेयजल आपूर्ति के संबंध में कुट्टनाड के लिए कोई नया प्रस्ताव भी इस समय विचाराधीन नहीं है। इसके अलावा, राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जन प्रतिनिधियों सहित विभिन्न स्तरों पर आवधिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से चल रहे कार्यों की कड़ाई से निगरानी की जा रही है।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, सरकार ने 2,08,652 करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए सहायता को भी अनुमोदन दिया था। अनुमोदित केंद्रीय परिव्यय का 2024-25 तक लगभग उपयोग किया जा चुका है। अब तक हुई प्रगति और चल रहे कार्यों को ध्यान में रखते हुए, माननीय वित्त मंत्री ने बजट घोषणाओं 2025-26 के माध्यम से कुल परिव्यय में वृद्धि के साथ दिसंबर 2028 तक जल जीवन मिशन के विस्तार की घोषणा की है।

*****